भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3249
दिनांक 07 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए

आंगनवाड़ियों में सुविधाएं

3249. श्री वरुण चौधरी:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की कुल संख्या कितनी है और पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन आदि जैसी सुविधाओं से वंचित एडब्ल्यूसी की संख्या कितनी है; और

(ख) पूरे देश में एडब्ल्यूसी में पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ख): राज्यवार आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की संख्या और अवसंरचना का विवरण इस लिंक **https://www.poshantracker.in/statistics** पर उपलब्ध है।

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस योजना का

कार्यान्वयन राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन की जिम्मेदारी है। अवसंरचना से संबंधित मुद्दे को निरंतर संवाद और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नियमित रूप से उनके साथ उठाया जाता है ताकि लाभार्थियों को निर्बाध रुप से सेवा मिलती रहे।

इसके अलावा, एडब्ल्यूसी में अवसंरचना सुविधाओं में सुधार करने के उद्देश्य से पेयजल सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु @₹17,000/- तथा शौचालय बनाने के लिए @₹36,000/- की निधि राज्यों और और संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदान की जाती है।

*****